# उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

राज्य नियोजन संस्थान (नवीन भवन), कालाकांकर हाउस,
पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007

विज्ञापन सं.5258/उ.प्र. रेरा/कन्सि.कन्स. भर्ती/2025–26 दिनांकः 21 मई, 2025

**उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में आवंटियों तथा प्रर्वतकों के मध्य विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु कन्सिलिएशन फोरम में कन्सिलिएशन कन्सल्टेन्ट की एक पोजीशन पर सेवाएं प्राप्त करने हेतु विज्ञापन**

उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में आवंटियों तथा प्रवर्तकों के मध्य विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु इस प्रकार के विवादों के निपटारों से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्षेत्रों में प्रशासनिक एवं अर्द्धन्यायिक कार्यों का पर्याप्त अनुभव रखने वाले साफ–सुथरी छवि के विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत्त लोकसेवक के सेवाओं की कन्सिलिएशन कन्सल्टेन्ट की एक पोजीशन पर आवश्यकता है। चयनित अभ्यर्थी को निश्चित मासिक मानदेय देय होगा एवं उन्हें प्रारम्भ में 01 वर्ष के लिए आबद्ध किया जाएगा। कन्सिलिएशन की प्रक्रिया में उनका सार्थक योगदान प्राप्त होने पर अग्रतर 02 वर्ष का सेवा विस्तार प्रदान करने पर विचार किया जा सकेगा, परन्तु ऐसा सेवा विस्तार एक समय में एक वर्ष से अधिक नहीं होगा।

कन्सिलिएशन कन्सल्टेन्ट की उक्त पोजीशन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इस पोजीशन की सेवा शर्ते तथा आवेदन का प्रारूप उ.प्र. रेरा की वेबसाईट **https://up-rera.in** पर दिनांक 26.05.2025 से उपलब्ध रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा उ. प्र. रेरा की वेबसाईट **https://up-rera.in** के **CAREER** लिंक पर जाकर दिनांकः 26.05.2025 से दिनांकः 15.06.2025 की सांय 05:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

सचिव

# उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

राज्य नियोजन संस्थान, (नवीन भवन),
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007

संख्याः 5258/यू.पी.रेरा/कन्सि.कन्स भर्ती/2025–26 दिनांकः 21 मई, 2025

**उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (उ.प्र. रेरा) के क्षेत्रीय कार्यालय, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में कन्सिलिएशन फोरम में आवंटियों एवं प्रवर्तकों के मध्य विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु कन्सिलिएशन कन्सल्टेन्ट की 01 पोजीशन लिए निर्धारित सेवा शर्तेः**

1. उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में कन्सिलिएशन फोरम में कन्सिलिएशन कन्सल्टेन्ट की 01 पोजीशन पर कन्सल्टेन्ट की सेवाएं प्राप्त की जाएंगी।
2. कन्सिलिएशन कन्सल्टेन्ट की पोजीशन हेतु प्रशासनिक एवं अर्द्धन्यायिक कार्यों का पर्याप्त अनुभव रखने वाले साफ–सुथरी छवि के विशेषज्ञ एवं लोक सेवक अर्ह होंगे।
3. आवेदक की आयु आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि पर न्यूनतम 60 वर्ष एवं अधिकतम 62 वर्ष होनी चाहिए।
4. कन्सल्टेन्ट को 01 वर्ष के लिए आबद्ध किया जाना प्रस्तावित है। प्राधिकरण के कन्सिलिएशन फोरम में कन्सल्टेन्ट का सार्थक योगदान होने पर अग्रतर 02 वर्ष का सेवा विस्तार दिये जाने पर विचार किया जा सकेगा, परन्तु ऐसा सेवा विस्तार एक बार में 01 वर्ष से अधिक नहीं होगा।
5. कन्सिलिएशन कन्सल्टेन्ट की पोजीशन पर चयनित अभ्यर्थी को प्रतिमाह रू.90,000/– (नब्बे हजार रूपया) निश्चित मानदेय का भुगतान किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी के सेवा निवृत्त लोक–सेवक होने की स्थिति में रू.90,000/– (नब्बे हजार रूपया) निश्चित मानदेय की सीमा में रहते हुए राज्य सरकार के शासनादेश के अनुसार पुनर्नियुक्ति के मामलों में अनुमन्य वेतन से अधिक मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. क्षेत्रीय कार्यालय, ग्रेटर नोएडा से बाहर भ्रमण की दशा में राज्य सरकार के सचिव/विशेष सचिव को अनुमन्य यात्रा तथा दैनिक भत्ते का भुगतान किया जाएगा।
7. रेरा के कार्यालय आने हेतु रू.10,000/– प्रतिमाह वाहन–भत्ता का भुगतान किया जाएगा।
8. कन्सिलिएशन कन्सल्टेन्ट की पोजीशन पर चयनित अभ्यर्थी को वर्ष में 14 दिवस का अवकाश देय होगा, परन्तु एक समय में 05 दिन से अधिक अवकाश अनुमन्य नहीं होगा। सक्षम स्तर से अवकाश की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी।

9. चयनित अभ्यर्थी 01 माह की पूर्व नोटिस दे कर या प्राधिकरण में 01 माह के मानदेय के बराबर धनराशि अग्रिम के रूप में जमा कर के प्राधिकरण की सेवा से विरत हो सकता है। उ.प्र. रेरा, यदि आवश्यक समझता है तो, चयनित अभ्यर्थी को एक माह की पूर्व नोटिस देकर या 01 माह के मानदेय के समतुल्य धनराशि का भुगतान करके सेवा से विरत कर सकता है। उ.प्र. रेरा के लिए अपरिहार्य परिस्थितियों में नोटिस की यह समय–सीमा बाध्यकारी नहीं होगी।

10. चयनित अभ्यर्थी द्वारा अपनी सेवा अवधि में ऐसा कोई कृत्य नहीं किया जायेगा जिससे प्राधिकरण की गोपनीयता किसी भी प्रकार से प्रभावित हो या प्राधिकरण की छवि धूमिल हो।

11. इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा उ.प्र. रेरा की वेबसाइट **https://www.up-rera.in** के **CAREER** लिंक पर जाकर दिनांकः 26.05.2025 से दिनांकः 15.06.2025 की सांय 05:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

(महेन्द्र वर्मा)
सचिव